## काइयोटी क्या है?

काइयोटी, छोटे जंगली केनाइन्स हैं, जिनका वजन आमतौर पर 30 से 40 पाउंड होता है। उनके फर का रंग अलग-अलग होता है, सुनहरी से लेकर लाल और भूरा।

ईस्टर्न काइयोटी (Eastern Coyote) ब्रैम्पटन सहित, संपूर्ण उत्तरी अमेरिका (North America) के शहरी क्षेत्रों में आम हैं।

वे अनुकूल जानवर रूरल एरियाज में फलते-फूलते हैं, जिनमें शामिल हैं, गहरी घाटियां, घाटी की जमीनें और बड़े शहरों में जंगली क्षेत्र, जैसे ब्रैम्पटन। वे हिम्बरनेट नहीं होते, इसलिए वो पूरा साल दिखाई दे सकते हैं।

काइयोटीस आमतौर पर शर्मीले होते हैं और हमला नहीं करते लेकिन वे उत्सुक हो सकते हैं।

काइयोटीस एक-दूसरे को मिलते समय तीखी आवाज़ निकालते, चीखते और भौंकते हैं, इलाके का बचाव करते हैं, परिवार को ढूंढते हैं, खुश होते हैं और खतरा होने पर एक-दूसरे को सावधान करते हैं। यदि आप काइयोटीस को ऐसे बातचीत करते सुनें, तो अपनी दूरी बनाकर रखें और उनकी जगह का सम्मान करें।

## हमारी कम्युनिटी में काइयोटीस

काइयोटीस विभिन्न ईकोसिस्टम के महत्वपूर्ण मेम्बर हैं और ये जरूरी और स्वस्थ शिकार-शिकारी संतुलन में योगदान देते हैं। जब इनको अकेला छोड़ा जाए, तो हमें उनकी गतिविधियों से जबरदस्त लाभ होता है, हालांकि, जब हम उन्हें जानबूझकर खिलाते हैं या अनजाने में हमारे शहर में मुफ्त भोजन के मौके पैदा करते हैं तो मनुष्य-काइयोटीस टकराव पैदा हो सकता है। काइयोटीस व्यवहार में मौकापरस्त होते हैं और अपने भोजन के पीछे भागने की बजाय उन स्रोतों से भोजन ले लेते हैं, जो आसानी से उपलब्ध होते हैं।






**सिटी ऑफ ब्रैम्पटन एनिमल सर्विसिज (City of Brampton Animal Services)**

475 Chrysler Drive
905.458.5800

**www.brampton.ca/animalservices**


काइयोटस की मौजूदगी वाले क्षेत्र में रहने के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया इन्हें संपर्क करें:

**1.800.667.1940**
**www.ontario.ca/mnrf**

Coyote Watch Canada

**905.931.2610**
**www.coyotewatchcanada.com**

311 BRAMPTON

Hindi

City of Brampton
**Animal Services**



# वसंत और गर्मियों में काइयोटस की मौजूदगी वाले क्षेत्र में रहना

BRAMPTON

Hindi

# वसंत और गर्मी, बच्चे पैदा करने का सीजन है

### आपको क्या जानने की जरूरत है

बच्चे पैदा करने और मांद में रहने का सीजन, अप्रैल से जुलाई के बीच होता है। यह साल का वो समय होता है, जब काइयोटीस मेल करते हैं और अपने बच्चों की परवरिश के लिए मांदें बनाते हैं।

इस समय के दौरान काइयोटीस अधिक दिखाई देते हैं क्योंकि वे अपनी मांदों की रक्षा करते हैं।

### यदि आपके क्षेत्र में मांद हो तो क्या करना चाहिए

- जब काइयोटीस बच्चे छोटे हों तो कुछ सप्ताह के लिए अपना पैदल चलने का रास्ता बदलने के बारे में सोचें। काइयोटीस, कभी न कभी मांद छोड़ देते हैं।
- काइयोटीस, मांदों या उनके बच्चों के पास न जाएं, चाहे लगे कि माता-पिता उन्हें छोड़कर चले गए हैं।
- मांद के बाहर न रुकें या इसके पास न जाएं।
- अपने कुत्ते को जंजीर बांधकर रखें।
- अपने कुत्ते को, काइयोटी के पास न जाने दें, न उसका पीछा करने दें और न ही उसके साथ खेलने दें, चाहे काइयोटी प्यारे की तरह क्यों न लगे। कुत्तों को काइयोटी के साथ दोस्ती करने या उसे तंग करने देने से, आमतौर पर इस डरपोक जानवर का कुदरती व्यवहार ही बदल जाता है।

### मैं और क्या कर सकता हूं?

- काइयोटी दिखे तो सिटी और निवासियों को ऑनलाइन brampton.ca/coyotes पर बताएं कि कौन-से क्षेत्रों में काइयोटीस बार-बार आ रहे हैं।
- 311 पर संपर्क करें, यदि आप देखें कि भोजन बाहर छोड़ा गया है या प्रॉपर्टीज पर घास बढ़ी हुई है।
- यदि आपका सामना ऐसे काइयोटी से हो, जो आपको बीमार या जख्मी लगे तो 311 पर संपर्क करें।
- जानकारी लेते रहें और काइयोटी के प्रति जागरूक बनें!



# यदि काइयोटी आपका पीछा करे या आपके पास आ जाए तो क्या करना चाहिए:

- **रुकें।** यदि जरूरत हो तो बच्चों और छोटे पालतू जानवरों को उठा लें।
- **वहीं खड़े रहें।** कभी भी काइयोटी से दूर न भागें।
- **खुद को बड़ा दिखाएं।** गुस्से में दिखें, सीधे खड़े रहें, अपनी बाहों को हवा में ऊंचा हिलाएं। हैरान करने वाले, अचंभे में डालने वाले और स्वाभाविक इशारे बढ़िया काम करते हैं।
- **ऊंची बोलें और दृढ़ रहें।** ऊंची बोलें और दृढ़ रहें। चीखें, अपने पैरों को ज़ोर-ज़ोर से जमीन पर मारें या अपने हाथों से ताली बजाएं। कोई शोर करने वाला उपकरण साथ में रखें, जैसे सीटी, चटाके की आवाज करने के लिए प्लास्टिक बैग या छाता)।
- **लड़ें।** डराने और रोकने के लिए काइयोटी की साधारण दिशा की तरफ कुछ डंडे या पत्थर फेंकें। इन्हें सीधे काइयोटी की तरफ न फेंकें।
- **धीरे-धीरे पीछे हटें।** आंखों का संपर्क बनाकर रखें और याद रखें, कभी भी भागें न।

इसे अपने पारिवारिक मेम्बरों के साथ साझा करें, ताकि वे भी जान पाएं कि काइयोटी के लिए सुरक्षित रूप से प्रतिक्रिया कैसे करनी है।

यदि काइयोटी, पब्लिक सुरक्षा के लिए तात्कालिक खतरा हो, तो 911 पर फोन करें।



# अकसर पूछे जाने वाले सवाल

### सिटी काइयोटीस को किसी और जगह क्यों नहीं भेजती?

काइयोटीस को किसी और जगह भेजना या मारना विकल्प नहीं है, इन्हें पकड़ना बेहद मुश्किल है और यह अस्थायी उपाय है। यदि किसी काइयोटीस को हटाया जाता है, तो इसके परिणामस्वरूप अन्य क्षेत्र में आ जाएंगे। ओनटैरियो के फिश एंड वाइल्डलाइफ कन्जर्वेशन एक्ट (Fish and Wildlife Conservation Act) के अंतर्गत, काइयोटीस को पकड़ने और एक किलोमीटर से अधिक दूर तक छोड़ने की अनुमति नहीं है।

### काइयोटी सक्रिय क्यों है और मेरा पीछा क्यों कर रहा है?

काइयोटीस उत्सुक और अपने इलाके में हर चीज़ से परिचित होते हैं। काइयोटीस यह सुनिश्चित करने के लिए विजीटरों (आने वाले) पर नजर रखते हैं, पहरा देते हैं या उनका पीछा करते हैं कि वे उस क्षेत्र से चले गए हैं और उसके परिवार के लिए खतरा नहीं हैं।

### कुत्ते और काइयोटीस

कुत्तों और काइयोटीस के बीच अधिकतर स्थितियां तब पैदा होती हैं, जब कुत्ते जंजीर से बंधे नहीं होते या ऐसा दिखाई देता है। यार्ड में जाने के समय अपने कुत्ते की निगरानी करें और पैदल चलने के दौरान उन्हें छोटी जंजीर से बांधकर रखें। यदि आपको पता हो कि आपके क्षेत्र में काइयोटी को देखा गया है, तो अस्थायी तौर पर अपने पैदल चलने का शेड्यूल या रास्ता बदलने के बारे में सोचें।

### यदि मैं काइयोटीस को भोजन खिलाऊं तो क्या होगा?

कभी भी काइयोटी को भोजन न खिलाएं या उसके लिए भोजन बाहर न छोड़ें। क्योंकि ये बहुत होशियार जानवर हैं, इसलिए वे पहचान लेंगे कि मनुष्य उन्हें भोजन खिला रहे हैं। इसका नतीजा केवल यह होगा कि वे उस क्षेत्र में वापस आएंगे, संभव तौर पर मनुष्यों के प्रति अलग व्यवहार दर्शाएंगे।

### काइयोटीस को आपकी प्रॉपर्टी से दूर रखना

काइयोटीस को लोगों के लिए बड़ा जोखिम नहीं माना जाता, लेकिन आपकी प्रॉपर्टी पर या सैर के दौरान ये दिखाई दें तो आप डर सकते हैं। यहां कुछ उपाय दिए गए हैं, जो हम काइयोटीस को हमारे बैकयार्डों और आस-पडोस से दूर रखने के लिए कर सकते हैं।

- अपनी प्रॉपर्टी से भोजन के सभी स्रोत हटा दें, जैसे गार्डन में खराब हुई सब्जियां, पक्षियों का चुग्गा, गंदे बारबेक्यू, पालतू जानवरों का भोजन आदि।
- बाड़ों में और डेक या शेड्स के नीचे किसी भी सुराखों को भर दें।
- पालतू जानवरों को कभी भी बाहर अकेला न छोड़ें।
- काइयोटीस की मौजूदगी को रोकने के लिए अपनी प्रॉपर्टी पर डरा के भगाने का अभ्यास करें।